MyCARE

मेरे साथ, हर कदम पर




# “आइए **टाइप 2 डायबिटीज़** ग्रस्त लोगों में इंसुलिन के बारे में अधिक जानें”

USV


जब आहार खाते हैं तब उसमें
निहित कार्बोहायड्रेट ग्लूकोज़ में
रूपांतरित हो जाता है और उसके बाद वह
**रक्त वाहिनियों में मुक्त होता है.**




जब आपका ब्लड शुगर स्तर बढ़ता है तब **अग्नाशय इंसुलिन नामक हार्मोन मुक्त करता है.**



इंसुलिन शुगर (ग्लूकोज़) को **रक्त वाहिनियों से शरीर की उन कोशिकाओं तक** ले जाने में मदद करता है जहाँ पर ग्लूकोज़ का उपयोग ऊर्जा के लिए किया जाता है.




**टाइप 2 डायबिटीज़** में,
शरीर या तो अपने द्वारा बनाई जा रही इंसुलिन का उपयोग ठीक से नहीं कर सकता या उसका पर्याप्त मात्रा में निर्माण नहीं कर पाता, **जिससे रक्त वाहिनियों में बहुत अधिक शुगर रह जाती है.**




इसके चलते स्वास्थ्य संबंधी
बड़ी समस्याएँ हो सकती हैं जैसे कि


**गुर्दे का रोग, दृष्टि कमजोर होना और हृदय रोग.**




इसीलिए टाइप 2 डायबिटीज़ ग्रस्त लोगों में जब मौखिक डायबिटीज़ की दवाइयों से डायबिटीज़ का नियंत्रण नहीं हो पाता है तब उन्हें अपना ब्लड शुगर स्तर सामान्य सीमा में रखने के लिए **रोज़ाना बाहरी इंसुलिन दिए जाने की ज़रूरत होती है.**



**बाहरी इंसुलिन** चिकित्सा केवल शरीर द्वारा सामान्य रूप से बनाई जानेवाली **इंसुलिन की जगह लेती है** और यह शरीर के लिए स्वभाविक होती है.



निदान होने के बाद जब इंसुलिन को जल्दी आरंभ किया जाता है तब वह **इंसुलिन बनानेवाली कोशिकाओं को आराम देने और उन्हें सुरक्षित रखने में मदद करेगी** और डायबिटीज़ संबंधी जटिलताओं की रोकथाम करेगी.



## आज कई प्रकार की इंसुलिन उपलब्ध है.

आपके लिए आवश्यक इंसुलिन का प्रकार और बारंबारता आपके डॉक्टर द्वारा आपकी जीवनशैली और ब्लड शुगर स्तर के आधार पर तय की जाती है.




उपरोक्त तस्वीर केवल सांकेतिक प्रयोजन के लिए है.



“याद रहे, **इंसुलिन एक सुरक्षित और विश्वसनीय मित्र है** जो आपको एक खुशहाल, लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करेगी.”

# MyCARE

मेरे साथ, हर कदम पर

## संदर्भ


1. व्हॉट इज़ डायबिटीज़. सीडीसी (2021). 6 जुलाई 2022 को https://www.cdc.gov/diabetes/basics/diabetes.html#:~:text=Diabetes%20is%20a%20chronic%20(long,your%20pancreas%20to%20release%20Insulin से प्राप्त किया गया.

2. द हिस्ट्री ऑफ अ वंडरफुल थिंग वी कॉल इंसुलिन । ADA. Diabetes.org (2019). 6 जुलाई 2022 को https://www.diabetes.org/blog/history-wonderful-thing-we-call-Insulin#:~:text=In%201921%2C%20a%20young%20surgeon,millions%20of%20people%20with%20diabetes से प्राप्त किया गया.



**Disclaimer:**
"The guide/presentation/content/literature is for general information, guidance and educational purposes only and is not complete or exhaustive. The guide/presentation/content/literature is not intended or implied to replace or substitute any current practice and or advice/guidance/diet provided by healthcare professionals. This guide/presentation/content/literature does not constitute any treatment/therapy/medication/diet/opinions for any patients who are on diabetes medication, the patients are required to prior consult their healthcare professional before acting on any change on treatment/therapy/ medication/diet and or opions. USV Private Limited makes no representations as to accuracy, completeness, correctness, suitability or validity of any information contained in this guide/presentation/content/literature and will not be liable for any losses, injuries or damages arising from its use."


जनहित में जारीकर्ता USV